फा.सं.MoES/P.O/DOM/Rectt.MD/2023

**भारत सरकार**

**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

पृथ्वी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003.
दिनांक – 09 जुलाई, 2024

**रिक्ति परिपत्र**

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) भारत सरकार ने हाल ही में सितंबर 2021 में डीप ओशन मिशन लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र के संसाधनों का पता लगाने और उनका सतत उपयोग करने, देश के समुद्र और समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ाने तथा जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण से निपटने के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना है। दिनांक 13-19 जनवरी 2024 के रोजगार समाचार में प्रकाशित पूर्ववर्ती समसंख्यक रिक्ति परिपत्र का अधिक्रमण करते हुए, मंत्रालय डीप ओशन मिशन के तहत मिशन निदेशक के पद को पूरी तरह से संविदा के आधार पर भरने के लिए फिजिकल मोड में आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख, विज्ञापन के रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित होने से 28 दिनों के भीतर है। **जिन उम्मीदवारों ने 13-19 जनवरी, 2024 के रोजगार समाचार में प्रकाशित मंत्रालय के रिक्ति परिपत्र के तहत पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है तथा मंत्रालय में पहले ही प्रस्तुत किए गए और प्राप्त हुए आवेदन पर विचार किया जाएगा।**

मिशन निदेशक पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत मिशन के विभिन्न तकनीकी, प्रशासनिक, बजट, वित्त और लेखापरीक्षा मामलों को संभालेंगे और काम करेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| **पदनाम** | : | **मिशन निदेशक** |
| **नियुक्ति का माध्यम** | : | **समेकित वेतन के आधार पर संविदा** |
| **अवधि** | : | **3 (तीन) वर्ष या परियोजना का अंत।** |
| **समेकित वेतन** | : | (i) 4,03,995/- रुपये<br>(ii) **सेवानिवृत्त सरकारी कार्मिकों के लिए वेतन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/व्यय विभाग, भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।** |
| **टूर/यात्रा** | : | **विज्ञापन में दिए गए पद के लिए लागू नियमों के अनुसार** |
| **स्थान** | : | **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का मुख्यालय या पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के संस्थानों में से कोई भी।** |

**अनिवार्य योग्यता:**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्हता डिग्री स्तर पर न्यूनतम 60% अंकों के साथ भौतिक / गणित / समुद्र विज्ञान/मरीन विज्ञान/ मरीन जीव विज्ञान में परास्नातक या इंजीनियरिंग में डिग्री या समतुल्य।

मोना

**अनिवार्य अनुभव:**

समुद्र इंजीनियरिंग/समुद्र प्रौद्योगिकी/महासागर विज्ञान/समुद्र विज्ञान/पर्यावरण इंजीनियरिंग में अनुसंधान और विकास में कम से कम इक्कीस (21) वर्ष का अनुभव (आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद) जैसा कि शोध पत्रों/रिपोर्टों/पेटेंट से प्रमाणित हो।

**वांछनीय अर्हता / अनुभव:**

i. संबंधित विषय या विशेषज्ञता के क्षेत्र में विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री या इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री;
ii. विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अधिमानतः महासागर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संबंधित क्षेत्रों में प्रमुख कार्यक्रमों/परियोजनाओं के नीति निर्माण, योजना और परियोजना विकास, समन्वय, प्रबंधन और निर्देशन में अनुभव।

**दायित्व**

- मिशन निदेशक की मुख्य जिम्मेदारियों में मिशन की समग्र योजना और कार्यान्वयन में समन्वय करना शामिल है।
- कार्यान्वयन संस्थानों के साथ संपर्क और समन्वय करना।
- मिशन संचालन/डीप ओशन काउंसिल, मिशन प्रबंधन और मिशन की परियोजना सलाहकार समितियों की बैठकों का समर्थन और संचालन करना।
- मिशन के विभिन्न तकनीकी, प्रशासनिक, बजट, खरीद और लेखापरीक्षा मामलों का समन्वय करना।
- मंत्रालय में प्रोग्राम डिवीजन के साथ समन्वय करना।

**आयु सीमा (सामान्य अंतिम तारीख को)**:
आयु सीमा : 62 वर्ष
नोट: आयु सीमा निर्धारित करने की तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी।

**अवकाश**: सरकारी नियमों के अनुसार. मिशन निदेशक सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 1.5 दिन से अधिक अवकाश के लिए पात्र नहीं होंगे। एक कैलेंडर वर्ष से अधिक अवकाश संचय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**<u>चयन प्रक्रिया:</u>**

निर्धारित अनिवार्य योग्यता न्यूनतम आवश्यकताएं हैं, तथा इनका होना मात्र ही किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का हकदार नहीं बनाता है। यदि विज्ञापन की प्रतिक्रिया स्वरूप प्राप्त आवेदनों की संख्या काफी अधिक होंगी, तो सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना शायद

सुविधाजनक या सम्भव ना हो। अतः, मंत्रालय चयन बोर्ड के समक्ष साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से सीमित कर सकता है।

**आवेदनों की जांच करने का मानदण्ड, उपर्युक्त पात्रता के अनुसार अभ्यर्थी की अर्हक योग्यताओं पर आधारित होगा:,**

i. जन्म तिथि,
ii. आवेदन पत्र की पूर्णता अर्थात सटीक विवरण प्रदान करने तथा पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा अंक सूची, अकादमिक एवं अनुभव प्रमाणपत्र की प्रतियों, का प्रस्तुतीकरण हस्ताक्षर,
iii. आवश्यक अनुभव,
iv. उपर्युक्त के अनुसार वांछित योग्यता तथा अनुभव,
v. एक या अधिक स्तर आदि पर निरंतर अकादमिक प्रदर्शन। अभ्यर्थी के अनुभव प्रमाणपत्र में स्पष्ट रूप से वर्णित होना चाहिए कि पद के आवश्यक / वांछित अनुभव आवश्यकता में किए गए अनुरोध के अनुसार अभ्यर्थी के पास अनुभव / ज्ञान / कौशल / प्रौद्योगिकी / सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म है। आवेदनों की जांच करने के लिए गठित समिति द्वारा आवेदनों की जांच हेतु मानदंड निर्धारित किए जाएंगे। अभ्यर्थी का अंतिम चयन, चयन बोर्ड के समक्ष अभ्यर्थी के प्रदर्शन पर आधारित होगा। अचयनित / साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए गए अभ्यर्थी से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन की प्रक्रिया:**

- संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया फिजिकल मोड में है। निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा गया आवेदन डाक द्वारा अवर सचिव (स्थापना), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेजा जाना चाहिए।
- शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि, अनुभव, अनापत्ति प्रमाण पत्र (वर्तमान नियोक्ता से, यदि कार्यरत हैं) के समर्थन में प्रमाण पत्र की प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए। साक्षात्कार के लिए उपस्थित होते समय मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियों, हस्ताक्षर और पासपोर्ट साइज फोटो के बिना जमा किए गए आवेदन जांच प्रक्रिया में ही रद्द कर दिए जाएंगे। प्रमाणपत्र स्पष्ट रूप से दिखने और पढ़ने योग्य होने चाहिए।
- प्रमाण पत्रों में कोई विसंगति होने पर अथवा गलत प्रमाणपत्र अपलोड किए जाने पर आवेदन अयोग्य हो जाएगा। मूल प्रमाणपत्रों को न प्रस्तुत किए जाने पर भी अभ्र्थी अयोग्य हो जाएगा। अयोग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया जाएगा। वर्तमान में किसी अन्य संगठन में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने वर्तमान नियोजन का प्रमाण देना होगा, जो कि नियोक्ता का सेवा प्रमाणपत्र / अंतिम पे-स्लिप आदि हो सकती है। नियुक्ति आदेश / रिज्यूमे को वर्तमान नियोजन के साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अनुभव प्रमाणपत्र में ज्वाइन करने एवं त्यागपत्र देने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखी होनी चाहिए। स्क्रीनिंग समिति को अभ्यर्थी द्वारा दावा किए गए अनुभव के वर्षों की संख्या हेतु दस्तावेजी साक्ष्य नहीं मिलेंगे, तो उसे शून्य माना जाएगा।
- वर्तमान में केन्द्र सरकार / राज्य सरकार / पीएसयू / स्वायत्तशासी निकाय / विश्वविद्यालय आदि में कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति / संवर्ग क्लीयरेन्स प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। वर्तमान नियोक्ता उनकी सतर्कता क्लीयरेन्स तथा सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित करेंगे।
- किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। ऐसे अस्वीकार किए गए आवेदन के विरुद्ध किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

मीना

- किसी भी रूप में सिफारिश के परिणामस्वरूप अभ्यर्थी अपात्र हो जाएगा।

यह विज्ञापन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वेबसाइट www.moes.gov.in पर भी उपलब्ध है।

मीना

# आवेदन का प्रारूप

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में मिशन निदेशक के पद को संविदा भर्ती के आधार पर भरना

पासपोर्ट के आकार की फोटो,

हस्ताक्षर

व्यक्तिगत विवरण

**विज्ञापन संख्या MoES/.....................**

| | | | |
|---|---|---|---|
| *जिस पद के लिए आवेदन किया है | पद का चयन करें | *पद कोड | पद कोड चुनें |
| *पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | | *पिता/पति का नाम | |
| *जन्म तिथि ( दिन- माह- वर्ष ) | | *आवेदन की अंतिम तिथि पर आयु | |
| लिंग | | वैवाहिक स्थिति | |
| *धर्म | | *राष्ट्रीयता | |
| *क्या समान्य/ओबीसी/एससी/एसटी से संबंधित हैं | श्रेणी का चयन करें | | |
| सरकारी सेवा में कार्य ग्रहण की तिथि | | सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| मंत्रालय/विभाग/संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुए। | | | |
| PPO सं.(केवल सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए) | | | |
| अंतिम आहरित वेतन .(केवल सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए) | | | |
| पत्राचार के लिए पता | (अधिकतम 400 शब्द) | | |
| राज्य | | पिन कोड | अधिकतम 6 अंक |
| उपर्युक्त केअनुसार स्थायी पता | | | |
| *स्थायी पता | (अधिकतम 400 शब्द) | | |
| *राज्य | | *पिन कोड | |
| *ईमेल आईडी | | | अधिकतम 6 अंक |
| टेलीफोन नंबर | | मोबाइल नंबर | अधिकतम 10 अंक |

| शैक्षणिक विवरण (सीजीपीए या कोई अन्य प्रारूप प्रतिशत में परिवर्तित होना चाहिए, हम केवल प्रतिशत स्वीकार करते हैं) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | योग्यता | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड /विश्वविद्यालय | विषय | वर्ग/ श्रेणी | अंकों का प्रतिशत |
| 1 | चयन करें | | | | विशेष योग्यता | 35<br>00 |
| 2 | चयन करें | | | | विशेष योग्यता | 35<br>00 |
| 3 | डिग्री का चयन करें | | चयन करें | | विशेष योग्यता | 35<br>00 |
| 4 | योग्यता का चयन करें | | चयन करें | | विशेष योग्यता | 35<br>00 |
| 5. | पीजी का चयन करें | | चयन करें | | विशेष योग्यता | 35<br>00 |
| 6 | चयन करें | | चयन करें | | विशेष योग्यता | 35<br>00 |

व्यावसायिक प्रशिक्षण, यदि कोई हो

| क्र.सं. | संगठन का नाम | कब से | कब तक | प्रशिक्षण का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | (अधिकतम 1000 शब्द) |
| 2 | | | | (अधिकतम 1000 शब्द) |

अनुभव का विवरण, यदि कोई हो

| नियोक्ता/कंपनी/ संगठन का नाम | कब से | कब तक | पद | वेतन | कार्य का प्रकार | कर्तव्यों की प्रकृति संक्षेप में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अधिकतम 25 शब्द (विशेष शब्दश या स्पे स, डॉट्स का उपयोग न करें) | | | | | चयन करें | अधिकतम 1000 शब्द |

और जोड़ें हटाएं

अन्य विवरण

| | |
|---|---|
| शोध कार्य/अनुभव अन्य उपलब्धियों का विवरण, यदि कोई हो | अधिकतम 3500 शब्द |
| विशेषज्ञता (पद के लिए वांछित अनुभव के संदर्भ में( | अधिकतम 3500 शब्द |
| कोई अन्य जानकारी जो आप देना चाहें (जैसे | |

| | |
|---|---|
| प्रकाशनों की सूची, विद्वत सोसायटीज की सदस्यता, पुरस्कार और मान्यता, आदि। (संक्षेप में) | अधिकतम 3500 शब्द |

घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदन में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। मैं समझता/समझती हूं कि किसी भी जानकारी के असत्य या गलत पाए जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी स्तर पर बिना किसी सूचना के या इसके एवज में बिना किसी क्षति पूर्ति के रद्द/समाप्त की जा सकती है। यदि मेरा चयन होता है, तो मैं भारत में कहीं भी सेवा करने के लिए तैयार हूं।

हस्ताक्षर
(अभ्यर्थी का नाम)

स्थान :
दिनांक :

CBC-12101/11/0006/2425